केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

# प्रेस नोट

**13.07.2020**

## सीबीएसई ने आज बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए

सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 15.02.2020 से 30.03.2020 तक आयोजित होनी नियत हुई थी। कोविड -19 महामारी के फ़ैलने के कारण, सीबीएसई को पूर्वोत्तर दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए 11 विषयों की परीक्षाओं सहित 12 विषयों में 19.03.2020 से 30.03.2020 तक की परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ये परीक्षाएं 01 से 15 जुलाई 2020 तक आयोजित करने के लिए पुनः निर्धारित की गई थी।

अनिश्चितताओं और अप्रत्याशित स्थिति को देखते हुए और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और स्वस्थता को ध्यान में रखते हुए, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने 26.06.2020 को आदेश पारित किया था जिसमें निम्नलिखित मानदंडों पर परिणामों की गणना करने के लिए सीबीएसई की आकलन योजना अनुमोदित की गई|

**आकलन योजना:**

ए) कक्षा X और XII दोनों के विद्यार्थियों के लिए, जिन्होंने अपनी सभी परीक्षाएं पूरी कर ली हैं, उनके परिणाम परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर घोषित किए जाएंगे।

बी) उन विद्यार्थियों के लिए जो 3 विषयों से अधिक में परीक्षा में शामिल हुए हैं, सर्वश्रेष्ठ तीन प्रदर्शन करने वाले विषयों में प्राप्त किए गए अंकों का औसत उन विषयों में दिया जाएगा जिनकी परीक्षाएं आयोजित नहीं की गई है।

सी) उन विद्यार्थियों के लिए जो केवल 3 विषयों में परीक्षा में शामिल हुए हैं, सर्वश्रेष्ठ दो प्रदर्शन करने वाले विषयों में प्राप्त किए गए अंकों का औसत उन विषयों में दिया जाएगा जिनकी परीक्षा आयोजित नहीं की गई है।

डी) कक्षा बारहवीं के, मुख्य रूप से दिल्ली से, बहुत कम ऐसे विद्यार्थी हैं, जो केवल 1 या 2 विषयों में परीक्षा में शामिल हुए हैं। उनके परिणाम उनकी उपस्थिति के विषयों में प्रदर्शन और आंतरिक / प्रक्टिकल/ परियोजना आकलन में प्रदर्शन के आधार पर घोषित किए जाएंगे। इन विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए सीबीएसई द्वारा आयोजित वैकल्पिक परीक्षाओं में उपस्थित होने की भी अनुमति दी जाएगी, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं। इन विद्यार्थियों के परिणाम भी अन्य विद्यार्थियों के साथ घोषित किए जाएंगे।**

**वैकल्पिक परीक्षा के लिए अवसर**

- आकलन के अनुसार स्थितियों के ठीक होने और केंद्र सरकार के निर्णय के अनुसार, यथाशीघ्र सीबीएसई उन विषयों में एक वैकल्पिक परीक्षा आयोजित करेगा जिनकी परीक्षाएं 01 जुलाई से 15 जुलाई 2020 के बीच आयोजित की जानी थी।
- जिन विद्यार्थियों के परिणाम आकलन योजना के आधार पर घोषित किए गए हैं, उनको अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए इन वैकल्पिक परीक्षाओं में उपस्थित होने की अनुमति होगी, यदि वे ऐसा चाहते हैं। इन वैकल्पिक परीक्षाओं में एक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों को ऐसे विद्यार्थियों के लिए अंतिम माना जाएगा, जिन्होंने इन परीक्षाओं को लेने का विकल्प चुना था।

**हालांकि, उपरोक्त मानदंडों के आधार पर भी, 400 विद्यार्थियों के परिणामों की गणना नहीं की जा सकी है और इसलिए, उनके परिणामों की घोषणा आज नहीं की जाएगी।

**वैकल्पिक परीक्षाओं का संचालन**

योग्य विद्यार्थियों से विकल्प लेने की अनुसूची और वैकल्पिक परीक्षाओं की तिथियाँ आगे भारत सरकार के परामर्श से घोषित की जाएंगी।

**कम्पार्टमेंट परीक्षा का संचालन**

सीबीएसई इन परीक्षाओं की अनुसूची/तिथियों की घोषणा आगे भारत सरकार से परामर्श के बाद करेगा।

**"अनुत्तीर्ण" शब्द का "आवश्यक पुनरावृत्ति" से प्रतिस्थापन**

सीबीएसई ने "अनुत्तीर्ण" शब्द को "आवश्यक पुनरावृत्ति" शब्द से बदलने का फैसला किया है। इसलिए, घोषित परिणाम में "अनुत्तीर्ण" शब्द का उल्लेख विद्यार्थियों को जारी किए गए दस्तावेजों और वेबसाइट पर होस्ट किए गए परिणाम में नहीं किया जाएगा।

**डिजीलॉकर में प्रमाण पत्र**

- डिजीलॉकर में भी विद्यार्थी की डिजिटल अंक तालिका, उत्तीर्णता और प्रवास प्रमाण पत्र, कौशल प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को डिजिलॉकर खाता के क्रेडेंशियल्स पहले ही सीबीएसई के साथ पंजीकृत उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजे गए हैं।

- प्रमाणपत्र Google Play (**https://play.google.com/store/apps/details?id=com.digilocker.android)** या Apple ऐप स्टोर (**https://apps.apple.com/in/app/digilocker/id1320618078**) पर उपलब्ध डिजीलॉकर मोबाइल से डाउनलोड किए जा सकते हैं। लॉगिन करने के लिए, सीबीएसई पंजीकृत मोबाइल नंबर, ओटीपी का उपयोग करें और सुरक्षा पिन के रूप में अपने रोल नंबर के अंतिम 6 अंक दर्ज करें।

**पुन: जांच और पुनर्मूल्यांकन**

बोर्ड द्वारा पुन: जांच और पुनर्मूल्यांकन की रूपरेखा जल्द ही अधिसूचित की जाएगी।

इस महामारी के सबसे कठिन समय में भी सभी हितधारकों और जनसामान्य को बोर्ड की सूचना त्वरित और निष्पक्ष रूप से और प्रमुखता के साथ निर्गत करने के लिए मीडिया को हार्दिक धन्यवाद।

********************